**Regarding alleged illegal sand mining in rivers of Bundelkhand region**

श्री नारायणदास अहिरवार (जालौन) : सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान बुन्देलखण्ड की तरफ दिलाना चाहता हूँ । मेरा संसदीय क्षेत्र जालौन भी बुन्देलखण्ड का हिस्सा है । बुन्देलखण्ड में बड़ी संख्या में खनिज की खदानें हैं । इस क्षेत्र में खनन माफिया बेहताशा अवैध रूप से बालू का खनन का कार्य पोकलैण्ड मशीनों द्वारा कर रहे है । जिससे नदियों की जलधारा सिकुड़ रही है और उनका प्रवाह बाधित हो रहा है । निरन्तर खनन से आस-पास के हैण्डपम्प और कुओं का जलस्तर गिर रहा है, जिससे गर्मियों में ग्रामीणों को पानी के लिए किल्लत हो रही है । स्वीकृत पट्टा कहीं का होता है और खनन कार्य कहीं और से कराते है ।

महोदया, मेरे लोक सभा क्षेत्र जालौन, गरौंठा, भोगनीपुर के बुन्देलखण्ड में नदी तल का खनन कार्य पहले मजदूरों के द्वारा कराया जाता था, जिससे उन्हे रोजगार मिलता था, लेकिन अब पोकलेन्ड मशीनों द्वारा खनन कार्य कराने से स्थानीय मजदूर बेरोजगार हो गए हैं । कुछ पट्टाधाराक ऐसे भी हैं, जिनका खनन पट्टा कहीं और स्वीकृत होता है, लेकिन वे खनन कार्य किसी अन्य स्थान के साथ-साथ नदी तल के अन्दर पानी में घुस कर लिप्टर मशीनों द्वारा अवैध खनन कार्य करा रहे हैं ।

अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि हो रहे अवैध खनन की उच्च स्तरीय जांच कराकर खनन माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई जाए, जिसे राजस्व की हानि न हो तथा खनन कार्य मजदूरो से कराया जाए जिससे मजदूरों को रोजगार मिल सके और बुन्देलखण्ड की नदियों, कृषि भूमि और जल स्त्रोतों का बचाव हो सकें ।

धन्यवाद,